# भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , मुंबई

## 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY-2025)

विषय**: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**

**भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान मुख्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का आयोजन**

भा. कृ. अनु. प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , मुंबई में 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 (आईडीवाई-2025) मनाया गया। इस योग शिविर मे केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , मुंबई के विभिन्न विभागों के प्रमुख, वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, प्रशासनिक कर्मचारी और छात्र सहित कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। '**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**' विषय पर आईडीवाई-2025 के समारोह में डॉ. एन.पी. साहू, निदेशक और कुलपति और श्री संजय बोकोलिया संयुक्त निदेशक, प्रशासनिक, भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। । प्रारंभ में निदेशक ने "**आर्ट ऑफ़लिविंग**", मुंबई से आए दो विशेषज्ञों की टीम को पुष्प गुच्छों से स्वागत किया और समग्र स्वास्थ्य के लिए योग अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. एन.एस. नागपुरे, नोडल अधिकारी, आईडीवाई-2025 ने गणमान्य व्यक्तियों, मेहमानों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और मानसिक और शारीरिक कल्याण के लिए नियमित योग अभ्यास के महत्व को समझाया। इसके बाद **श्री निहार भोसले** द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया और योग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीने, अच्छे स्वास्थ पाने के बारे में बताया । फिर तनाव से राहत और विचार और जागरूकता की आनंदमय स्थिति का अनुभव करने के लिए ध्यान सत्र का आयोजन **सुश्री रुपाली पेडनेकर** द्वारा किया गया। सत्र के दौरान, प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान की सही तकनीकों के बारे में व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन किये । प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारी सदस्यों और छात्रों द्वारा योग एवं ध्यान का कुशल अभ्यास और प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रेम कुमार के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एन.एस. नागपुरे, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. टी.आई. चानू, डॉ. सौरव कुमार, और डॉ. नलिनी पुजारी ने किया।

### भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, कोलकाता केंद्र

आईसीएआर-सीआईएफई, कोलकाता केंद्र में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कुल 63 प्रतिभागियों (अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों) ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र केंद्र के समिति कक्ष में सुबह 09.15 बजे शुरू हुआ। डॉ. तपस कुमार घोषाल, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस दिन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन सत्र के बाद सभी प्रतिभागियों ने परिसर में विभिन्न आसनो का अभ्यास किया।

### भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , रोहतक केंद्र

भा. कृ. अनु. प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान के रोहतक केंद्र ने भी 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून, 2025 को मनाया। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. मुजाहिद खान पठान, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी ने कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर योग के सकारात्मक प्रभावों पर भी जोर दिया।

### भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , काकीनाडा केंद्र

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, भा. कृ. अनु. प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान काकीनाडा केंद्र के साथ मृदुजल फार्म, बलभद्रपुरम में उत्साह के साथ इस दिवस को मनाया गया। डॉ. कार्तिरेड्डी श्यामला, वरिष्ठ वैज्ञानिक (एसएस) एवं प्रभारी काकीनाडा केंद्र तथा डॉ. शमना एन. वैज्ञानिक (एसएस) एवं प्रभारी बलभद्रपुरम ने कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। योग सत्र के दौरान कर्मचारियों, छात्रों और किसानों सहित कुल 21 प्रतिभागी उपस्थित थे। केंद्र के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा योग के महत्व पर एक संक्षिप्त बातचीत की गई और इससे होने वाली लाभप्रद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में जानकारी प्राप्त की गयी । कार्यालय मे योग सत्र आयोजित किया गया और विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया।

### भा. कृ. अनु. प. – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , पवारखेड़ा केंद्र

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, भा. कृ. अनु. प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान पोवारखेड़ा केंद्र में उत्साह के साथ इस दिवस को मनाया गया। डॉ. शशि भूषण, वरिष्ठ वैज्ञानिक (एसएस) एवं प्रभारी ने कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। योग सत्र के दौरान कर्मचारियों, छात्रों और किसानों सहित कुल 23 प्रतिभागी उपस्थित थे। केंद्र के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में योग के महत्व पर एक संक्षिप्त बातचीत की गई। कार्यालय मे योग सत्र आयोजित किया गया और विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया।

**भा कृ अनु प – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान मुख्यालय, मुंबई**

**ICAR-CIFE Headquarters, Mumbai**












## भा कृ अनु प – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, कोलकाता केंद्र
## ICAR-CIFE Kolkata Centre





**भा कृ अनु प – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान,  काकीनाड़ा केंद्र**

**ICAR-CIFE Kakinada Centre**











**भा कृ अनु प – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , पवारखेड़ा केंद्र**

**ICAR-CIFE Powarkheda Centre**





**भा कृ अनु प – केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान , रोहतक केंद्र**

**ICAR-CIFE Rohtak Centre**





# ICAR-CIFE, Mumbai

## 11th International Day of Yoga Celebration - 2025

Theme: **'Yoga for One Earth, One Health'**

**21st June 2025**

**Venue: Auditorium, ICAR-CIFE New Campus**

| **Time** | **Programme** |
|---|---|
| 09.30 am | Welcome and Introduction by Dr. N. S. Nagpure, Nodal Officer, IDY-2025 |
| 09:40 am | Yoga session and Meditation Session - Experts from 'Art of Living', Mumbai |
| 11.00 am | Vote of thanks by Dr. Prem Kumar, Member, IDY-2025 |

The faculty/staff and students are requested to participate in the IDY-2025 celebrations. It is requested to wear comfortable attire for the session.

**IDY-2025 Organising Committee**
Dr. N.S. Nagpure
Dr. Prem Kumar
Dr. Thongam I. Chanu
Dr. Saurav Kumar
Dr. Nalini Poojary

